### खबर संक्षेप

#### उद्यमिता जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन

**कटनी।** छात्राओं में स्वरोजगार एवं उद्यमिता की भावना जागृत करने हेतु शासकीय कन्या महाविद्यालय में उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेडमेप) एवं एमएसएमई भारत सरकार के अंतर्गत एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी नागेंद्र यादव के संयोजन में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग नौकरी करने वालों का नहीं, बल्कि नौकरी देने वालों का है। एक सफल उद्यमी बनकर हम न केवल स्वयं को आर्थिक रूप से सशक्त बना सकते हैं, बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक एवं समन्वयक श्री शकील अहमद चौधरी ने छात्राओं को व्यवसाय, सेवा क्षेत्र एवं उद्योग स्थापना की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, स्टैंडअप इंडिया जैसी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी।

### कलेक्टर ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ऑपरेटर सहित 3 अन्य को नोटिस जारी कर तीन दिवस में मांगा जवाब

# धोखाधड़ी : धान बेचने के लिए पंजीयन में बड़ा फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान रीठी तहसील में धान खरीदी पंजीयन में धोखाधड़ी का मामला कलेक्टर आशीष तिवारी के संज्ञान में आते ही उन्होंने रीठी के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी व बिलहरी के नायब तहसीलदार के संयुक्त दल द्वारा पूरे मामले की जांच कराने के बाद कूटरचना करते हुये धान का फर्जी पंजीयन कराने के मामले में लिप्त कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित तीन व्यक्तियों और रीठी के तहसीलदार संदीप सिंह ठाकुर व नायब तहसीलदार इसरार खान द्वारा खसरा सत्यापन में लापरवाही करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये सभी से 3 दिन में समक्ष में उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने ग्राम निटर्रा निवासी मीराबाई पत्नी गुलाब सिंह द्वारा धान पंजीयन के संबंध में की गई शिकायत के मामले की जांच कराने पर पाया गया कि मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के नाम पर पंजीयन क्रमांक 226424000047 दर्ज है। जिसका कुल पंजीकृत रकबा 19.37 हेक्टेयर है।

दिलचस्प पहलू यह है कि पंजीयन में मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के अलावा रीठी तहसील के विभिन्न ग्रामों की मीराबाई नाम की भू-स्वामियों की भी जमीनें पंजीयन के दौरान जोड़ी गई थी। शासन की खरीफ पंजीयन नीति के अनुसार 5 हेक्टेयर से अधिक रकबे वाले किसान का सत्यापन एसडीएम, तहसीलदार या नायब तहसीलदार के द्वारा किये जाने का प्रावधान है। पंजीयन के इस मामले में 40 में से 20 खसरे तहसीलदार रीठी संदीप सिंह ठाकुर द्वारा सत्यापित किये गये जबकि 12 खसरे नायब तहसीलदार रीठी इसरार खान द्वारा सत्यापित किये गये थे। जिससे यह स्पष्ट होता है कि तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने शासन के नियमों के विपरीत जाकर रकबा सत्यापन किया है। जो लापरवाही का द्योतक है। इन दोनों अधिकारियों का कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत होकर मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम के प्रावधानों के अंतर्गत दण्डनीय है। इसके लिये कलेक्टर श्री तिवारी ने दोनों अधिकारियों को 3 दिनों के भीतर उनके समक्ष उपस्थित होकर कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। जिसमें उल्लेखित किया गया है कि कारण बतायें कि क्यों न आपके विरूद्ध सक्षम प्राधिकारी को अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाये। नियत अवधि के भीतर जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर दोनों के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

#### नोटिस जारी, जवाब तलब

कलेक्टर श्री तिवारी ने धान पंजीयन के इसी मामले में ग्राम तिलगवां तहसील रीठी निवासी श्रीमती मीराबाई पत्नी विनोद कुमार को जारी कारण बताओ सूचना पत्र में उल्लेखित किया है कि विपणन सहकारी समिति कटनी द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र विपणन कटनी में उपस्थित होकर समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु कृषक पंजीयन क्रमांक 226424000047 रकबा 19.37 हेक्टेयर का पंजीयन कराया गया। जिसमें मीराबाई कृषक के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों के खसरे पंजीयन में बिना उनकी सहमति से जुड़वाये गयें। पिछले साल मीराबाई के पंजीयन क्रमांक 226424000047 में 412 क्विंटल धान का विक्रय किया गया था। जिसके लिये बैंक खाता नंबर 157001999804 में 9 लाख 47 हजार 599 रूपये का भुगतान भी हो चुका है। इस बैंक खाते से सम्पत अग्रवाल की पत्नी रंजना अग्रवाल के बैंक खाता नंबर 157001971301 में 1 लाख 53 हजार रूपये अंतरित किये गये। इसके साथ ही 3, 4 एवं 6 जनवरी 2025 को तीनों दिवसों में 2-2 लाख रूपये का नगद आहरण जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रीठी से किया गया। जिससे यह स्पष्ट होता है कि बैंक खाते के पंजीयन, फसल विक्रय एवं राशि आहरण व अंतरण में आपकी संलिप्तता है। इसी प्रकार कलेक्टर ने रंजना अग्रवाल को जारी कारण बताओ सूचना पत्र में उल्लेखित किया कि किसान पंजीयन क्रमांक 226424000047 मीरा बाई पत्नि विनोद कुमार के नाम से हुये पंजीयन में तहसील रीठी की मीराबाई नाम की कई महिलाओं के खसरे जोड़े गये हैं। जांच दौरान पंजीयन में उल्लेखित पते पर मीराबाई का निवासरत होना नहीं पाया गया। इसी पंजीयन क्रमांक 226424000047 से गतवर्ष हुये मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के पंजीयन में 412 क्विंटल धान का विक्रय किया गया था, जिसकी राशि रूपये 9 लाख 47 हजार 599 रूपये का भुगतान उनके खाता क्रमांक 157001999804 में हुआ था। तदोपरांत उनके खाते से आपके खाता में क्रमांक 157001971301 में रूपये 1 लाख 53 हजार रूपये अंतरित हुये, इससे यह स्पष्ट होता है कि उक्त खाते के पंजीयन एवं राशि आहरण अंतरण में आपकी संलिप्तता है। जबकि कलेक्टर श्री तिवारी ने सम्पत अग्रवाल को जारी कारण बताओ सूचना पत्र में उल्लेखित किया कि आपके द्वारा विपणन सहकारी समिति कटनी द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र विपणन कटनी घंटाघर में उपस्थित होकर मीराबाई पत्नि विनोद कुमार के नाम से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने हेतु पंजीयन कराया गया, जिसमें आपके द्वारा कृषक के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों के खसरे पंजीयन में जुड़वाये गये।

विगत वर्ष में मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के पंजीयन क्रमांक 226424000047 में 412 क्विंटल धान का विक्रय किया गया था, जिसकी राशि रूपये 9 लाख 47 हजार 599 रूपये का भुगतान उनके खाता क्रमांक 157001999804 में हुआ था। तदोपरांत उनके खाते से आपकी पत्नी के खाता क्रमांक 157001971301 में रूपये 1 लाख 53 हजार रूपये अंतरित हुये। इससे यह स्पष्ट होता है कि उक्त खाते के पंजीयन, फसल विक्रय एवं राशि आहरण, अंतरण में आपकी संलिप्तता है। इसके अलावा कलेक्टर ने सहकारी विपणन संस्था मर्यादित घंटाघर के कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रीतम सिंह लोधी को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है कि तिलगवां निवासी सम्पत अग्रवाल द्वारा मीरा बाई पत्नी विनोद कुमार के नाम पर पंजीयन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें आपके द्वारा पंजीयन से संबंधित दस्तावेजों में केवल आवेदन के आधार पर पंजीयन किया गया। साथ ही मीरा बाई पत्नी गुलाब सिंह निवासी ग्राम निटर्रा तहसील रीठी के पंजीयन कमांक-226424000047 में एक ही नाम के अन्य व्यक्तियों के खसरे भी जोड़े गये हैं।

#### अभियोजन की कार्यवाही संस्थित

कलेक्टर ने मीराबाई ग्राम तिलगवां, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रीतम सिंह लोधी, सम्पत अग्रवाल तिलगवां एवं रंजना अग्रवाल पत्नी संपत कुमार अग्रवाल को जारी कारण बताओ सूचना पत्र में इन सभी के द्वारा शासन को आर्थिक क्षति पहुचाने की मंशा से कूटरचना करते हुये धान का फर्जी पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये कहा है कि क्यों न आप सब के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही संस्थित की जाए।

### तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

# संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में जबलपुर की टीम ने हासिल की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर डॉ. पंजाब राव चंदेलकर रहे। नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या सिंह परिहार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई द्वारा की गई। कार्यक्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात, कटनी डिग्री कॉलेज के निदेशक डॉ. पारस जैन, सहित अनेक शिक्षाविद एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। संचालन डॉ. माधुरी गर्ग ने सुस्पष्ट एवं प्रभावी रूप से किया।

मुख्य अतिथि डॉ. चंदेलकर ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि "खेल केवल शारीरिक तंदुरुस्ती का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, तेज निर्णय क्षमता और टीम भावना विकसित करने का सर्वश्रेष्ठ साधन है। जीत-हार से ऊपर उठकर खेलना ही सच्ची खेल भावना है।"

विशेष अतिथि सुश्री तपस्या सिंह परिहार ने अपने संबोधन में कहा कि "ऐसे खेल आयोजन युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को सकारात्मक दिशा देते हैं। टीमवर्क, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास खेलों से ही होता है। नगर निगम सदैव युवाओं के ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करता रहेगा।"

इसी पकार प्राचार्य डॉ. वाजपेई ने कहा कि "तिलक महाविद्यालय छात्रों के समग्र विकास के प्रति सदैव समर्पित रहा है। विभिन्न जिलों से आई टीमों की उपस्थिति हमारे लिए गौरव की बात है और यह आयोजन छात्रों में अनुशासन, सौहार्द्र और प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ावा देता है।" खो-खो प्रतियोगिता में मंडला, डिंडोरी, नरसिंहपुर, जबलपुर और कटनी जिलों की टीमें उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुईं। पूरे आयोजन का सफल संयोजन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. राजकुमार द्वारा किया गया।

महिला वर्ग के फाइनल मैच में जबलपुर की टीम ने कटनी को हराकर खिताब अपने नाम किया। टीमों के प्रतिनिधि के रूप में जबलपुरः जया चतुर्वेदी, डिंडोरीः मो. अमीर खान, मंडलाः अनूप सिंह परिहार, नरसिंहपुरः अर्पित सक्सेना ने क्रीड़ा अधिकारी के रूप में प्रतिनिधित्व किया।

# जंगल में मिला कंकाल, 6 माह पहले लापता हुआ था युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरी हटाई के जंगल में लकड़ी बीनने गए ग्रामीणों ने पेड़ों के झुरमुट के बीच एक मानव कंकाल पड़ा देखा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद बड़वारा पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और कंकाल को सुरक्षित कब्जे में लेकर जांच प्रक्रिया शुरू की। प्रारंभिक जांच और मौके पर मिले कपड़ों, जूते तथा कुछ निजी वस्तुओं के आधार पर परिजनों ने कंकाल की शिनाख्त लापता महेश कोरी 35 पिता नन्हे कोरी निवासी देवरी हटाई के रूप में की है। महेश कोरी करीब छह माह पहले 8 जून 2025 को रहस्यमयी ढंग से लापता हुआ था, जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट परिजन पहले ही बड़वारा थाने में दर्ज करा चुके थे। कंकाल मिलने की खबर के बाद परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और कपड़ों से पहचान की पुष्टि की, लेकिन मामले की संवेदनशीलता और मौत पर घिरे सवालों को देखते हुए पुलिस ने डीएनए टेस्ट कर वैज्ञानिक रूप से पहचान की आधिकारिक पुष्टि कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

एएसपी डॉ. संतोष कुमार डेहरिया ने बताया कि नर कंकाल को पोस्टमार्टम और विस्तृत जांच हेतु फोरेंसिक टीम को भेजा गया है। मौत किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट कहना अभी संभव नहीं है। चूंकि शव जंगल में मिला है और व्यक्ति लंबे समय से लापता था, इसलिए हम हर संभावित एंगल से जांच कर रहे हैं। इस रहस्यमयी मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या महेश जंगल में किसी हादसे का शिकार हुआ? या वह किसी गहरी साजिश का शिकार बना? स्थानीय लोगों में चर्चाएं तेज हैं, परिजन सदमे में हैं, और पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने के लिए हर सुराग खंगाल रही है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति बासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/J कैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पुरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही, 8 विक्रेताओं पर 4 हजार का लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन मुहैया करानें के उद्धेश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों सहित अन्य मार्गो की सार्वजनिक सड़कों में अस्थाई रूप से अतिक्रमण कर व्यवसाय करनें वालों के विरूद्ध निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही निरंतर जारी है।

#### दी गई हिदायत

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह नें बताया कि नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु चलाये जा रहे इस अभियान के तहत विगत देर शाम नगर निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा मिशन चैक से मुख्य स्टेशन रोड़ के मुख्य मार्ग पर सार्वजनिक मार्ग में अनाधिकृत रूप से सामग्री रख, आवागमन को बाधित कर व्यवसाय करनें वाले 8 फुटकर सब्जी विक्रेताओं, कपड़ा व्यवसाईयों एवं ठेला संचालकों पर चार हजार रूपये का स्पाट फाइन की कार्यवाही की जाकर मार्ग के आवागमन को सुचारू बनाया गया। इस कार्यवाही के दौरान व्यापारियों को सड़क किनारे दुकान लगाकर यातायात प्रभावित न करनें की सख्त हिदायत भी दी गई। कार्यवाही के दौरान यातायात प्रभारी राहुल पांडे, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित यातायात एवं नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते की मौजूदगी रही।

### विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 दिसम्बर को

**कटनी।** ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने गणित एवं विज्ञान विषय में कक्षा 9वीं एवं 10वीं में ओलम्पियाड में भाग लेने के लिये पंजीयन किया था। उन विद्यार्थियों की विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 दिसम्बर 2025 रविवार को प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक विज्ञान विषय एवं दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा। ओलम्पियाड परीक्षा में कोई भी विद्यार्थी दोनों ही परीक्षा में भाग ले सकता है। इस परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्र विद्यार्थियों के रोल नम्बर, परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी मध्यप्रदेश राज्य ओपन स्कूल द्वारा अलग से भेजी जा रही है। विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा का परिणाम 18 दिसम्बर 2025 के पूर्व घोषित कर दिया जाएगा।

### जिले के सभी विकासखंडों से 200 दिव्यांग विद्यार्थी हुए शामिल

# दिव्यांग बच्चों की सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा केंद्र कटनी में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की मौजूदगी में दिव्यांग बच्चों की सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं में खेलकूद के अंतर्गत क्रिकेट, कंचा-चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर और बोची-बॉल का आयोजन हुआ, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में चित्रकला, रंगोली, सामूहिक एवं एकल नृत्य, एकल एवं सामूहिक गायन तथा मेहंदी प्रतियोगिता शामिल रही।

इस कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखण्डों के लगभग 200 दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ-साथ अविभावको व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विशेष आकर्षण के रूप में सक्षम छात्रावास कटनी के दिव्यांग छात्रों ने लाठी प्रदर्शन प्रस्तुत किया। टीम गेम में क्रिकेट प्रतियोगिता में जिला शिक्षा केंद्र कटनी की टीम विजेता तथा सक्षम छात्रावास की टीम उपविजेता रही, जबकि बोची-बॉल प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता दोनों ही सक्षम छात्रावास की टीम रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने की। कार्यक्रम का उदघाटन जिला न्यायालय मजिस्ट्रेट कटनी सुमित शर्मा के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा बच्चों को पदक एवं मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल त्रिपाठी (एपीसी-आई ई डी) एवं साईटसेवर्स इंडिया के जिला प्रमुख भरत पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी, केलड्रीज इंडिया रेफ्रेक्ट्रीस कटनी से प्लांट हेड प्रियवित्ता विस्वाश, रोशनी मैडम एवं ग्लेडिस मैडम, अखिलेश द्विवेदी, अनिल यादव, आशीष गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, अजय मिश्रा, मार्तंड सिंह राजपूत, उमाशंकर सैनी तथा बीआरसी कटनी मनोज गौतम ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर हुआ आयोजन

# प्रतियोगिताओं में दिव्यांग बच्चों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दमोह। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आज विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र दमोह में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल की मौजूदगी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी आयु वर्ग के दिव्यांगजनों के उत्साह वर्धन हेतु विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम यथा फैंसी ड्रेस, चित्रकला, रंगोली, मेंहदी, नृत्य, गायन, वादन, नाट्य प्रस्तुत कर छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।अस्थिबाधित दिव्यांग एक बिटिया ने पैर से चित्रकारी कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, श्रवण बाधित छात्र छात्राओं ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से अतिथि स्वागत नृत्य, अन्य नृत्य एवं मिमिक्री आदि अभिनय कर अपनी प्रतिभाएं दिखाई। बांदकपुर निवासी अभिषेक पिता अभय दुबे जो बौद्धिक दिव्यांग हैं एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पावर लिफ्टिंग में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर चुके हैं उनका भी सम्मान कार्यक्रम में किया गया। स्वयं बौद्धिक दिव्यांग श्री दुबे वर्तमान में अपने पिता द्वारा संचालित एक NGO में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षित करते हैं। कार्यक्रम में पधारे पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया द्वारा अपने वक्तव्य में दिव्यांगजनों को मिलने वाले सहायक उपकरण इत्यादि की पूर्ति हेतु राज्य स्तर तक समन्वय करने की बात कही। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल ने अपने उद्बोधन में दिव्यांग बच्चों के प्रतिभा प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने ₹सर्वे भवन्तु सुखिना, सर्वे संतु निरामयाः संदेश के साथ सभी दिव्यांगजनों को स्वस्थ और प्रसन्न रखें की ईश्वर से कामना की। साथ ही दिव्यांग बच्चों को कार्यक्रमों के लिए प्रशिक्षित करने वाले शिक्षकों के प्रयास की प्रशंसा की कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे एवं जिला न्यायालय से विशेष न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी रजनीश चौरसिया एवं दिव्यांग छात्र छात्राओं के अभिभावकों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पधारकर दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन करने के किए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह एवं प्रभारी उपसंचालक श्री प्रवीण फुलपगारे द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया।

## महाराजा अग्रसेन की 51वीं महा आरती संपन्न



दमोह। प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में अग्रवाल समाज दमोह के द्वारा महाराजा अग्रसेन की महा आरती का आयोजन किया जाता है। पूरे देश में दमोह से शुरू हुई आरती आज पूरे देश में एक उत्सव बनता जा रहा है। सभी जिलों में धीरे-धीरे महा आरती का आयोजन किया जाने लगा है दमोह अग्रवाल समाज के द्वारा भी 51 की महाआरती का आयोजन पंडित बृजेश पाठक के सानिध्य में संपन्न किया गया जिसमें यजमानी रमेश कुमार संतोष कुमार परिवार के द्वारा की गई। सर्वप्रथम भगवान गणेश माता लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन का पूजन वाचन किया गया इसके पश्चात महा आरती का आयोजन किया गया व प्रसाद वितरण किया गया। आरती में मुख्य रूप से अग्रवाल महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष रमा अग्रवाल संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, जन जागरण समिति के अध्यक्ष स्वप्नेश अग्रवाल, कालूराम अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, प्रभु नारायण अग्रवाल, डॉक्टर अशोक अग्रवाल, गुरु दत्त अग्रवाल, विनोद अन्त राजबहादुर केदार, सदानंद मगन, अतुल विजय एडवोकेट, विनोद नंद किशोर, नीरज धीरज, रिशित रीतू संगीता, मंजू मोनिका, पूजा दीप्ति, सीता रानी, मंजुला आरती, अंजलि, निशा ज्योति रिद्धि मीतू सीता रानी आशा रानी प्रतिमा सुमन प्रमिला ज्योति सपना अर्चना आदि की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर में विश्व एड्स दिवस मनाया गया

**देवेन्द्रनगर।** शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस मनाया गया।जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य सीमा चौरसिया ने किया और एड्स से बचाव के बारे में बताया तथा बच्चों को जागरूक करने का प्रयास किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ अरुण कुमार सिंह ने एड्स जैसी वैश्विक बीमारी के लिए जानकारी देते हुए बताया कि एड्स के बारे में जानकारी ही बचाव है। कार्यक्रम का संचालन डॉ अरुण कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर परएस. के. गौतम ,डॉ.अनिल श्रीवास्तव, डॉ. लक्ष्मीकांत तिवारी, डॉ. पवन कुमार तिवारी, डॉ रीना पाण्डेय, कार्यालयीन कर्मचारी श्री विकास आनंद दीक्षित, सुधीर सिंह, अवधेश बागरी ,इदरीश खान सहित बहुत संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अमानगंज तहसील ने एसआईआर कार्य में हासिल किया जिले में दूसरा स्थान

**अमानगंज।** तहसील ने एसआईआर (ैप्) कार्य में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार तहसील क्षेत्र में निर्धारित समस्त कार्यों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया गया, जिसके चलते अमानगंज ने 100ः उपलब्धि दर्ज की। तहसीलदार अमानगंज ममता मिश्रा सहित तहसील प्रशासन व संबंधित विभागीय टीम ने एसआईआर कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के लिए लगातार निगरानी, समन्वय और फील्ड वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को जबूती से लागू किया। इसी का परिणाम है कि अमानगंज ने जिले के अन्य क्षेत्रों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। अमानगंज ममता मिश्रा ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई दी है और आगे भी इसी गति व गुणवत्ता के साथ कार्य करने का आह्वान किया है।

### एचडीएफसी बैंक देवेंद्रनगर ने फिर लगाया रक्तदान शिविर

**देवेंद्रनगर।** पपिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी एचडीएफसी बैंक देवेंद्रनगर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पन्ना से स्वचालित मोबाइल ब्लड कलेक्शन वाहन पहुंचने से पूरा आयोजन सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। इस बार कुल 5 लोगों ने आगे बढ़कर रक्तदान किया। इनमें अंशुल जैन, शशांक, बिलथरिया, सत्याम शिवहरे, अनुज सिंह, आयुष मिश्रा और दिलीप सिसौदिया शामिल रहे। युवाओं ने समाज के प्रति सराहनीय जिम्मेदारी का संदेश दिया।एचडीएफसी बैंक देवेंद्रनगर शाखा के सभी कर्मचारियों ने शिविर के सफल संचालन में सक्रिय योगदान दिया, जिससे पिछले वर्ष शुरू हुई यह सकारात्मक परंपरा इस बार भी प्रभावी रूप से जारी रही।

### प्रतिष्ठित थापक परिवार के सदस्य विद्या देवी के घर पर चोरों ने तोड़े ताले

**पन्ना।** 30 नवंबर और 1 दिसंबर की दरम्यानी रात पन्ना शहर के बस स्टैंड के पास प्रतिष्ठित मुरारी लाल थापक जी के बड़े भाई की पत्नी, श्रीमती विद्या देवी थापक के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर प्रवेश किया। चोरों ने मकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, श्रीमती विद्या देवी थापक के निजी कमरों में चोरों को कुछ खास नहीं मिला, लेकिन उन्हीं के मकान में रह रहे किराएदार का मंगलसूत्र चोरी करने में वे सफल हो गए।

## बांदकपुर क्षेत्र के 33 मतदान केंद्र हुए शत-प्रतिशत पूर्ण

दमोह।

**मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एस आई आर का कार्य लगातार ही तेजी के साथ चल रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के मार्ग निर्देशन में बांदकपुर क्षेत्र के 33 मतदान केन्द्रों के सभी मतदान केन्द्रों ने समय सीमा के अंदर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस दौरान यहां के सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर सहित उनके सहयोगियों ने सक्रियता से इस कार्य को किया है।**

तहसीलदार भू प्रबंधन वर्षा दुबे द्वारा कम समय मे लगातार ही सक्रियता के साथ इन सभी मतदान केन्द्रों पर देर रात तक बैठकर जहां सभी से गणना पत्रको के डेटा की फीडिंग का कार्य कराया एवं जो मैपिंग ना हो इसके लिए मतदाताओं के घर भी खोज कर उनके गणना पत्रको को पूर्ण कराने में सक्रियता के साथ कार्य किया।तहसीलदार भू-प्रबंधन वर्षा दुबे ने बताया मतदान केंद्र सलैया, पिपरिया साहनी, पठारी,केवलारी पिपरिया, हरदुआ चुगल,बांदकपुर के 4,आनू के 3, करैया हजारी, आमखेड़ा, भदौली के 2, बम्होरी के 2, बिलतरा, पिपरिया टिकरी के 2, सिंगपुर बंडी, टिकरी बुजुर्ग के 2, बलारपुर के 2, बरखेड़ा जुझार, अहरौरा, हिनौता गडरिया, हलगज, मुडारी के 2 तथा रियाना के एक मतदान केंद्र में पूर्ण कर समय सीमा में किया गया। मतदान केन्द्रों में बी एल ओ के रूप में प्रमोद यादव, राजकुमारी राजपूत, सोने सिंह गौड़, अमजद खान, दिलीप अहीरवाल, अंजना परस्ते, जवाहर सिंह पोर्ते, प्रियांशु बड़गैया, राम सिंह, राजाराम अहिरवार, खुमान रजक, खरगराम पटेल, हन्नु प्रसाद अहिरवार, घंसू रजक, आबिद कुरैशी, संध्या जैन, जुगल किशोर दुबे, ममता ठाकुर, भगवान दास अहिरवार, थान सिंह ठाकुर, लीला अहिरवार, अरुण शर्मा, दयावती रजक, सुरेंद्र नायक, नोने लाल अहिरवार, राजेश अहिरवार, नारायण प्रसाद तिवारी, दयाशंकर अहिरवार, चंद्रभान गौड़, बाबूलाल अहिरवार, लक्खू प्रसाद अहिरवार, गोपाल सिंह गौड़, दुर्गा प्रसाद अहिरवार, प्रह्लाद सिंह गौड़ की भूमिका महत्वपूर्ण रही। सुपरवाइजर के रूप में पटवारी आशीष साहू, शिवम गोस्वामी, विक्रम धाकड़ अंकित पटेल, शिक्षक सुदामा नेमा सहित ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक आदि का विशेष सहयोग रहा।

### 2-3 वर्षो से रेल्वे की तीसरी लाइन काम में ठेकेदार द्वारा निरंतर अवैध मुरम का उत्खनन, नहीं हुई निष्पक्ष जांच

# भारी वाहनों की आवाजाही से पथरिया दमोह सड़क मार्ग की हालत जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



विगत 2-3 वर्षों से रेल्वे तीसरी लाइन कार्य के चलते रेल्वे लाइन के आसपास की ग्राम पंचायतों में व शहरी क्षेत्र में निरंतर अवैध मिट्टी मुरम का उत्खनन होता रहा ठेकेदार द्वारा 1-1 किमी का मिट्टी मुरम का ठेका दिया जिससे भारी होड़ रही कि हमें ठेका मिल जाए और जिसकी जहां तक पहुंच रही काम हुआ वही रेल्वे लाइन के आस पास की पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत तलैया व खेत तालाब का निर्माण कार्य हो गया जिसमें मुरम रेल्वे में चली गई और पैसे मिल गये वही मनरेगा में काम दर्शा दिया जिससे दोनों तरफ से पैसा मिल गया पर ना खनिज अधिकारी आये और पंचायत में काम हो गया तो ना जनपद के अधिकारी आए मौके पर देखने कि मशीन से काम हो गया और मजदूरों से दिखाकर पैसा निकल गया लेकिन सोचने वाली बात है कि सब कुछ मनमर्जी से चलता रहा लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया गया कि किस तरह से शासकीय पैसा का खुला दुरूपयोग हो गया और बंदरबांट योजना में सब मैनेज हो गया। रेल्वे ठेकेदार द्वारा जब जब उत्खनन की अनुमति मांगी तो कभी जिला कलेक्टर से स्वीकृति तो कभी किसी राजनैतिक व्यक्ति का काम होने का बता देते रहें। निरंतर कार्य चल रहा पर जब जब कोई कार्यवाही नही की गई तो खानापूर्ति कर ली गई। रेल्वे कार्य के चलते पथरिया दमोह सड़क मार्ग पर डंफरों की धमा चौकड़ी रातों-रात में चलती रही जिससे सड़क मार्ग जर्जर हालत में हो गया वही खेजरा खेर के पास जबसे मुरम डाली जा रही है वहां इतनी धूल के गुब्बारे उड़ रहें कि राहगीरों को परेशानी हो रही फिर भी ठेकेदार द्वारा पानी तक नही डलवा रहें कि आमजनों को राहत मिल सकें। जिला प्रशासन से अपेक्षा है कि उक्त रेल्वे तीसरी लाइन निमार्ण कार्य की निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जांच कराई जाए और लाइन के आसपास जिन पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत लाइन के 500 मीटर 1 किमी के आसपास जो तलैया तालाब खोदें गये उसकी जांच हो।

## आनंद धाम पूरनयाऊ में रक्तदान शिविर का आयोजन



**दमोह।** जबेरा आनंद धाम पूरनयाऊ में श्री सत चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। आज समापन के अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन आनंद धाम में किया गया। आनंद धाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने स्वयं ब्लड डोनेशन कर रक्तदान की शुरुआत की। बीएमओ डॉक्टर डी के राय ने बताया ब्लड डोनेशन कैंप में 25 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा हमारा रक्त किसी के काम आए यह बहुत ही अच्छी बात है, हम सभी को रक्तदान करना चाहिए, हमारे रक्त से किसी का जीवन बच सकता है, उसका जीवन सुरक्षित हो सकता है।

## सुरसरि ज्ञान भारती शिक्षा समिति के नेतृत्व में किया शुभारंभ




**तेंदूखेड़ा।** जन अभियान परिषद तेंदूखेड़ा द्वारा पानी रोको अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तेजगढ़ के नेतृत्व में जल संरक्षण कार्य की शुरुआत की गई। जंगल से लगे हुए नाले पर कृषक के खेतों के समीप बोरीबंधान कर पानी रोकने एवं संग्रहण की महत्वपूर्ण पहल की गई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक सुशील नामदेव, ब्लॉक समन्वयक तेंदूखेड़ा तथा नवांकुर संस्था सुरसरि ज्ञान भारतीय शिक्षा समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए जल संरक्षण के प्रति एकजुटता और स्वावलंबन का संदेश दिया। इस अवसर पर नीलेश नामदेव, संकेत नामदेव, कृष्णा माली, रामकुमार राय सहित कृषक बंधु एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने वर्षा जल संरक्षण को स्थायी कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक बताते हुए इस अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## जलहरी नाले पर बोरी बंधान का कार्य पूरा



**बनवार।** जल संरक्षण को लेकर प्रदेशभर में चल रहे अभियान के बीच विकासखंड जबेरा के सेक्टर नोहटा के प्रस्फुटन ग्राम जलहरी ने मिसाल पेश की है। यहाँ म.प्र. जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में और नवांकुर संस्था स्व. नन्हू सिंह पटेल समाजसेवी संस्था के सहयोग से ग्रामीणों ने दो दिन के श्रमदान से 85 बोरी बंधान का सराहनीय कार्य पूरा किया। तालाब से निकलने वाले नाले पर किया गया यह बोरी बंधान आने वाले दिनों में किसानों के लिए जीवनदायनी साबित होगा। जल अवरोधन से सिंचाई हेतु जल उपलब्धता बढ़ेगी, खेतों में नमी बनी रहेगी और फसलों की उत्पादकता में प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा—यही वजह है कि ग्रामवासी भी इस पहल को "गाँव की बड़ी जीत" मान रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर पहुँचे जिला समन्वयक सुशील नामदेव ने कहा कि "ऐसी पहलें न सिर्फ जल स्तर बढ़ाती हैं बल्कि सामुदायिक चेतना को भी मजबूत करती हैं। जल बचाना आज हर नागरिक की जिम्मेदारी है।"उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। बोरी बंधान अभियान में विकासखंड समन्वयक वंदना जैन, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि मुल्तान सिंह लोधी, लेखन अहिरवाल, सविद्र सिंह लोधी, देवेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, लोकेंद्र लोधी, सौरभ सिंह, अजय लोधी, राहुल अहिरवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। गाँव की एकजुटता और सामुदायिक श्रम—दोनों ने जलहरी को दिया स्थायी जल संरक्षण का मजबूत उपहार।

## संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास शराब दुकान विरोध के बाद भी हो रही संचालित



गुनौर।

यहां उन्होंने कलेक्टर पन्ना के नाम संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मंदिर परिसर के बिल्कुल समीप शराब दुकान संचालित होने से धार्मिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। प्रतिदिन आने वाले भक्तों, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों द्वारा भी कई बार आपत्ति दर्ज कराई गई, बावजूद इसके शराब दुकान का स्थान परिवर्तन नहीं किया गया। गुनौर में अवैध तरीके से शराब का व्यापार खुलेआम किया जा रहा है स्थानीय स्तर पर बार-बार शिकायत के बावजूद भी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दिनांक 6 फरवरी 2018, 20 फरवरी 2024, 3 मार्च 2024 एवं 27 जून 2024 को आवेदन दिए गए जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिस करण आसामाजिक गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। विहिप एवं बजरंग दल पदाधिकारियों ने मांग की थी कि जल्द से जल्द उक्त दुकान को मंदिर क्षेत्र से हटाकर अन्यत्र शिफ्ट किया जाए, ताकि धार्मिक स्थल की गरिमा बनी रहे और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। संगठन ने चेतावनी दी थी कि यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे परन्तु आज दिनांक तक प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की है जिससे नगर के लोगों में असंतोष व आक्रोश व्याप्त है लोगों का कहना है कि प्रशासन जिस प्रकार से शराब ठेकेदारो पर मेहरबान है तो न्याय की उम्मीद किस पर करें अगर प्रशासन शराब दुकान अभी भी नहीं हटवाती तो मजबूरन महिलाएं बच्चे युवा एक साथ सड़कों पर उतर कर उग्र आंदोलन करेगा जिसमें सारी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

# निकाय सत्ता में फिर जनता का राज, अब सीधे मतदाता ही चुनेंगे अपना नपा अध्यक्ष

### हटा नगरीय क्षेत्र में जनता के बीच रहने वाले नेताओं में फिर दिखी आशा भरी उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



मध्यप्रदेश की नगरीय निकाय राजनीति में एक रोचक बदलाव आ गया है, मंगलवार को विधानसभा में मध्यप्रदेश नगरपालिका संशोधन अध्यादेश-2025 सर्वसम्मति से पारित होने के बाद, अब नगर पालिका और नगर परिषदों के अध्यक्षों का चुनाव पार्षदों के अप्रत्यक्ष वोट के बजाय, सीधे जनता के वोट से होगा। इस फैसले ने नगरीय निकायों में स्थानीय राजनीति के समीकरणों को पूरी तरह से बदल दिया है। बता दें हटा नगर पालिका के अध्यक्ष पद की कुर्सी पर जनता द्वारा सीधे चुने गए जनप्रतिनिधियों का इतिहास हमेशा से ही दिलचस्प रहा है। यह निर्णय उन नेताओं के लिए नई उम्मीदें लेकर आया है जो सीधे तौर पर जनता के बीच लोकप्रिय हैं।

### यह चार नेता रहे जनता की पसंद

हटा नगर पालिका में पहले हुए चार डायरेक्ट चुनावों की बात करें तो 1999 में कांग्रेस नेत्री बृजरानी तंतुवाय अध्यक्ष बनी थीं, जिन्होंने भाजपा की सीमा हरि खटीक को पराजित किया था। इसके बाद समाजवादी पार्टी उम्मीदवार जीवन तंतुवाय ने निकाय की सत्ता संभाली और उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार कामता तंतुवाय और भाजपा के हरि खटीक को पराजित किया। अगले चुनाव में जनता ने कांग्रेस के बाबूलाल तंतुवाय को चुना, जिन्होंने भाजपा के युवा प्रत्याशी सुभाष तंतुवाय को हराया। इसके बाद कांग्रेस की ओर से अरुणा मोहन तंतुवाय अध्यक्ष बनीं, उन्होंने भाजपा की रामकली तंतुवाय को शिकस्त दी थी।

### दो बार महिला-दो बार पुरुष हटा नगर पालिका में-

जनता द्वारा चुने गए अध्यक्षों के इन चार चुनावों में रोचक बात यह रही कि दो बार महिला जनप्रतिनिधि और दो बार पुरुष जनप्रतिनिधि काबिज हो चुके हैं। वही गौर करने वाली बात है कि अब तक हटा नगर पालिका में भाजपा का अध्यक्ष काबिज नहीं हो सका।

हटा नपा में कांग्रेस के शैलेंद्र खटीक अध्यक्ष के रूप में काबिज हैं, उनका चुनाव पार्षदों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से किया था। अब नए फैसले के बाद 15 वार्डो वाली हटा नपा में अगली बार अध्यक्ष वही होगा, जिस पर जनता सीधे विश्वास जताएगी। इस नए बदलाव के बाद नगर पालिका में अब वही उम्मीदवार प्रभावी होगा जो नगर में लोकप्रिय होगा, क्योंकि अब जीत की चाँबी केवल पार्षदों के हाथ में नहीं बल्कि सीधे जनता के हाथ में होगी। विधानसभा में पारित हुए इस निर्णय के बाद जनता के बीच रहने वाले जनप्रतिनिधियों में एक बार फिर से उम्मीदें जाग उठी हैं। संशोधन विधेयक में अध्यक्ष को हटाने के लिए लाए जाने वाले राइट टू रिकॉल की अवधि को भी ढाई साल से बढ़ाकर तीन साल कर दिया गया है।

## करंट लगने से मजदूर की हुई मौत

**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम चंडी चोपडा के पास ग्राम महुआ खेड़ा में नहर जलाशय का काम करते हुए मजदूर बहादुर सिंह निवासी चंडी चोपड़ा को काम करते हुए अचानक करंट लग जाने से हाहाकार मच गया। मजदूर को तत्काल ही इलाज के लिए अधिकारियों के द्वारा जिला चिकित्सालय दमोह भेजा गया। जहां पर डॉक्टर चक्रीय चौधरी की द्वारा चेक करने की उपरांत बहादुर सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मयूर चंडी चोपड़ा निवासी बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग की अधिकारी एवं संबंधित विभाग की अधिकारी जिला चिकित्सालय पहुंचे एवं घटना की जानकारी ली।

# गौमाता द्वारा खुले में पड़ा विस्फोटक मुंह में दवा लेने से दुखद हादसा



### हिंदू संगठनों ने कार्यवाही करने थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग के रजपुरा थाना क्षेत्र के हरदूटोरा ग्राम में विगत मंगलवार को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मूक पशुओं को क्षतिग्रस्त करने की मंशा से विस्फोटक पदार्थ खुले में फेंके जाने से गौ माता द्वारा मुंह में दवा लेने से विस्फोट हो गया जिससे उनकी गर्दन व मुंह बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जिससे आक्रोशित हिंदू संगठनों ने एकत्रित होकर रजपुरा थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि विगत मंगलवार की दोपहर हरदूटोरा गांव में खुले रास्ते में पढ़ा विस्फोटक पदार्थ गोमाता द्वारा मुंह में दबा लेने से विस्फोट हो गया जिससे गोमाता के मुंह सहित गर्दन क्षतिगस्त हो गई एवं गोमाता जीवन मृत्यु से संघर्ष कर सुरभि गो चिकित्सालय में है। संगठन के सदस्यों ने बताया कि ग्राम हरदुटोरा' पूर्व में गो तस्करी के लिये जाना जाता था ऐसी आशंका है कि अज्ञात गो तस्करों द्वारा गौमाताओं को संशय नुकसान पहुंचाने के आशय से जानबूझकर विस्फोटक पदार्थ खुले में रखा गया तथा ऐसी भी आशंका है कि उक्त क्षेत्र में गो तस्करों द्वारा अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री (हथगोल, सूअर-बम) का विक्रय किया जा रहा है। उक्त विस्फोटक सामग्री जो कि खुले में पड़ी हुई थी गोमाता सहित खुले में पड़ी हुई उक्त विस्फोटक सामग्री से जनधन को भी हानि हो सकती है अतः उक्त मामले की जांच कर विधि संगत कार्यवाही करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष बबलू राय, अंशुल तिवारी, बहादुर सिंह ठाकुर, अंशुल रैकवार, हर्षित रैकवार, रूपेश गुप्ता, मुन्ना बंजारा सहित अन्य गौसेवक उपस्थित रहे।

### इस्तीफे के बाद अचानक दो कांग्रेस के भाजपा में शामिल होने से भाजपा ने किया डैमेज कंट्रोल

# भाजपा पार्षद विक्रांत गुप्ता ने दिया पद से दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भाजपा के मागंज वार्ड क्रमांक 2 से निर्वाचित पार्षद और नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे विक्रांत गुप्ता 'विक्की' ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। हिंदुत्व की मुखर पहचान और संगठन में सक्रिय



भूमिका के लिए जाने जाने वाले पार्षद विक्रांत का अचानक उठाया गया यह कदम भाजपा की स्थानीय राजनीति में गर्माहट पैदा कर गया है। विक्रांत गुप्ता ने जिला कलेक्टर को सौंपे त्यागपत्र में लिखा "मैं अपने वार्डवासियों के प्रति हृदय से कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए अपने पार्षद पद से त्यागपत्र देता हूँ। अपने निजी अधिकारों का उपयोग करते हुए विभिन्न कारणों से यह त्यागपत्र दे रहा हूँ। आशा है कि आप मेरी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए मेरे इस्तीफे को स्वीकार करेंगे।" त्यागपत्र में 'विभिन्न कारणों' का उल्लेख किया गया है, लेकिन स्पष्ट कारण दर्ज नहीं है। पार्षद गुप्ता ने अपने मीडिया से चर्चा में बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में 6 पार्षदों द्वारा की गई क्रॉस वोटिंग के बावजूद पार्टी ने आज तक कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की। उनका कहना है कि "क्रॉस वोटिंग करने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई। चिंतन बैठक तक आयोजित नहीं की गई। यह स्थिति उन्हें अंदर ही अंदर विचलित करती रही। विक्रांत गुप्ता का कहना है कि नगर पालिका चुनाव के दौरान पूर्व वित्त मंत्री के पुत्र सिद्धार्थ मलैया ने पार्टी के खिलाफ कार्य किया था। इसके बावजूद आज भी पार्टी के महत्वपूर्ण पदों और निर्णयों में सक्रिय बने हुए हैं। उन्होने कहा कि इस्तीफे का प्रमुख कारण उनकी आध्यत्मिक साधना है जिसके लिये उन्होने यह कदम उठाया है।

### इधर, दो कांग्रेस पार्षदों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों, संगठनात्मक अनुशासन और विकासोन्मुख कार्यशैली से प्रभावित होकर पथरिया नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद प्रभु दयाल अहिरवार तथा वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद राजकुमारी हेमराज लडिया ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। दोनों पार्षदों ने भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के समक्ष पार्टी में शामिल होकर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। पार्षदों ने कहा कि "भाजपा का जनसेवा मॉडल ही वास्तविक राजनीति की परिभाषा है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज के उत्थान और विकास के लिए भाजपा सरकार ने अनेक योजनाएं बनाकर उन्हें धरातल पर उतारा है। संगठन में शामिल होकर हम अपने क्षेत्र और समाज के विकास को और अधिक गति देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास का नया अध्याय लिखा है और भाजपा में शामिल होना जनता की सेवा को अधिक प्रभावी ढंग से करने का अवसर है।" नए सदस्यों का स्वागत करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि "संगठन में जनप्रतिनिधियों का बढ़ता विश्वास भाजपा के सुदृढ़ हो रहे जनाधार का संकेत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत के संकल्प के कारण विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि लगातार भाजपा से जुड़ रहे हैं। पथरिया के दोनों पार्षदों के आने से क्षेत्र के विकास के प्रयासों को और मजबूती मिलेगी।" जिलाध्यक्ष ने पार्षदों को संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहकर जनता की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास करने का आग्रह भी किया।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

### दो बच्चों सहित माता पिता गंभीर रूप से घायल, जबलपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं लेकिन लोग अभी भी रफ्तार से वाहनों को चला रहे तो कोई शराब के नशे में चूर है या फिर अज्ञात वाहन भी इन हादसों को अंजाम देकर घटनास्थल से भागने में सफल हो रहे है। ऐसा ही एक मामला बुधवार को सामने आया है। जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से पूरा परिवार हादसे का शिकार हो गया है जिन्हें 108 की मदद से इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से सभी लोगों को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।



घटना के संबंध मे मिली जानकारी अनुसार बुधवार की शाम 6 बजे दमोह मार्ग पर पांजी सांगा के बीच अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जो कि तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने घर जा रहे हैं। लेकिन हादसे के शिकार हो गए हादसे में घायलों में राजा पिता रमेश अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी ठूंठा थाना शहपुरा रागिनी पति राजा अहिरवार उम्र 32 वर्ष निवासी ठूंठा थाना शहपुरा दीपक पिता राजा उम्र 6 वर्ष निवासी ठूंठा थाना शहपुरा दीपेंद्र पिता राजा उम्र 7 वर्ष निवासी ठूंठा थाना शहपुरा है जो कि सभी जबलपुर जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र के ठूंठा निवासी हैं जो कि रिश्तेदारी में सांगा में तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे लेकिन वापस जाते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए और वाहन की टक्कर दूर जा गिरे। घटना की सूचना राहगीरों द्वारा 108 वाहन और पुलिस को दी गई जहां सूचना मिलते ही 108 वाहन से डॉ विजय ठाकुर पायलट नरेश अठ्ठया मौके पर पहुंचे और घायलों को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से चारों को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही घायलों के रिश्तेदार भी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उन्होंने बताया कि घायल लोग माता पिता और और दोनों बेटे हैं एक पूरा परिवार है जो कि तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने सांगा आया था।वही स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे घायलों को देखकर मौके मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई इस हादसे में दीपक और दीपेंद्र दोनों बच्चों के पैर छतिग्रस्त हो गए और पैर की हड्डियां तक बाहर आ गई साथ ही बच्चों के पिता के दोनों पैर व हाथ फैक्टर हो और हड्डियां तक दिखाई देने लगी मां भी गंभीर रूप से घायल हो जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत ही 108 की मदद से जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है ।

### नहीं रुका और हादसे का शिकार हो गए

वही घटना की सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे परिजन और रिश्तेदारों द्वारा बताया गया राजा की मनमानी के कारण आज पूरा परिवार जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है क्योंकि राजा ने रिश्तेदारों की बात नहीं मानी और हादसे का शिकार हो गया रिश्तेदार लखन अहिरवार ने बताया कि राजा अपने परिवार के साथ सांगा तेरहवीं कार्यक्रम में आया था और सभी लोग उसे लगातार रुकने के लिए बोल रहे थे लेकिन राजा नहीं माना और रिश्तेदारों से कहासुनी करके अपने दोनों बच्चों और पत्नी को लेकर वापस घर के लिए निकल आया ।

## केसरवानी महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री का हुआ दमोह आगमन

**दमोह।** केसरवानी अखिल भारतीय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री का दमोह आगमन हुआ था केसरवानी राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती सुनीता गुप्ता के निवास पर एक बैठक रखी गई। जिसमें केसरवानी परिवार दमोह से नगर अध्यक्ष लखन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, सचिव दीपक गुप्ता, आशीष गुप्ता, सचिन गिरधारी, प्रदीप, राजेन्द्र गुप्ता, के अलावा नगर महिला अध्यक्ष मनीषा गुप्ता, लता केसरवानी, अन्नू गुप्ता, ज्योति, माया, प्रियंका, बरखा, आरती गुप्ता, के अलावा समाज के अन्य भाई बहिनों की कार्यक्रम में उपस्थिति रही। वहीं संजय केसरवानी सिलीगुड़ी राष्ट्रीय महामंत्री का सम्मान एवं स्वागत बड़े जोर सोर से किया गया। संजय केसरवानी ने समाज में होने वाले गतिविधियों की रूपरेखा से अवगत कराया गया। वहीं कार्यक्रम का आभार व्यक्त अध्यक्ष लखन गुप्ता के द्वारा किया।

## बंदी पुत्र से जेल मैनुअल के अनुसार भौतिक मुलाकात कराई

**दमोह।** नंदराम सोनवानी जो कि दृष्टिवाधित दिव्यांग हैं, वह अपने बंदी पुत्र से मिलने आए थे, मुलाकात खिड़की बंद होने एवं रजिस्ट्रेशन खिड़की बंद होने से निराश होकर वह मुलाकात इंतजार शेड में बैठ गए तभी सब जेल हटा के जेलर नागेन्द्र चौधरी को खबर लगी तो उन्होंने जेल गेट से बाहर आकर स्टाफ की सहायता से श्री सोनवानी का हाथ पड़कर अंदर अपने ऑफिस ले गये और जेल मैनुअल के अनुसार उनकी बंदी पुत्र से भौतिक मुलाकात कराई। पिता और पुत्र दोनों के मिलन से उनकी आंखें नम हो गई और श्री सोनवानी कहने लगे कि सर आज दिव्यांग दिवस भी है, शासन हमारे प्रति इसी तरह संवेदनाएं बनाए रखें, उन्होंने जेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को धन्यवाद दिया। ज्ञातव्य है सब जेल हटा में मुलाकात रजिस्ट्रेशन खिड़की बंद हो चुकी थी ।

## किसानों के दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**दमोह।** कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम (आत्मा योजना) अन्तर्गत जिले के प्रगतिशील कृषकों को राज्य के बाहर कृषक प्रशिक्षण के लिये चयन किया गया हैं। सह अध्यक्ष आत्मा गवर्निंग बोर्ड कलेक्टर सुधीर कोचर ने हरी झण्डी दिखाकर कृषकों का दल दमोह जिले से रवाना किया। इस सबंध में परियोजना संचालक आत्मा जे.एल. प्रजापति ने कहा राज्य के बाहर कृषक प्रशिक्षण में कृषकों के दल को दमोह से को भारतीय चारागाह अनुसंधान केन्द्र झाँसी को भारतीय दलहन अनुसंधान केन्द्र कानपुर ले जाया जायेगा। जहाँ कृषकों को कृषि की उन्नत तकनीकों से अवगत कराया जायेगा एवं प्रशिक्षित किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, राज्य मंत्री (स्वत्रंत प्रभार) पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निज सहायक मनोज खरे, सांसद दमोह के निज सहायक हुकुम सिंह, विधायक दमोह निज सहायक कमल सिंघई, श्रीराम पटेल विशेष रूप से मौजूद रहे।

# 41 बच्चे पूरी तरह स्वस्थ, 10 को अभी ऑब्जर्वेशन में रखा गया : कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि जिले के पथरिया तहसील के किशनगंज गांव में कल स्कूली बच्चों ने जंगली फल अरंडी के बीज को भूलवश खा लेने से 51 बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, इनमें से 41 बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ हो गए हैं, बच्चों को डिस्चार्ज करने की कार्रवाई की जा रही है, थोड़ी देर में यह बच्चे अपने माता-पिता के साथ अपने-अपने घर के लिए रवाना हो जाएंगे, 10 बच्चों को अभी ऑब्जर्वेशन में रखा गया है, कल सुबह पूरी तरह स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जिला अस्पताल के सिविल सिविल सर्जन डॉ प्रहलाद पटैल, डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेटर सभी की मुक्त कंठ से प्रशंसा करना चाहूंगा, स्टाफ सभी ने इन सभी बच्चों और उनके परिजनों के लिए अलग से वार्ड में व्यवस्था की, इलाज की पूरी व्यवस्था उनके भोजन, चाय, नाश्ते की व्यवस्था, सोने के लिए बिस्तर आदि की व्यवस्था भी की गई। जिला चिकित्सालय ने जितनी बेहतर व्यवस्थाएं की जा सकती थी, की हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिला चिकित्सालय में चार बूथ लेवल अधिकारी एडमिट है यहां चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है, उन बूथ लेवल अधिकारी के लिए भी अलग व्यवस्था वार्ड में की गई है, चारों लोग खतरे से बाहर हैं, उनके सभी इलाज के लिए व्यवस्थित प्रबंध जिला चिकित्सालय द्वारा किए गए हैं, इस कार्य के लिए भी उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया और प्रशंसा की है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आपात स्थिति में जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा आपात स्थिति में जो समर्पण दिखाया है, उस कार्य के प्रति सभी का हृदय से आभार ज्ञापित किया है। उन्होंने मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुये कहा कर्तव्य के प्रति जो समर्पण सिविल सर्जन, डॉक्टर्स, पूरे स्टाफ वार्ड बॉयज सुरक्षा गार्ड लैब टेक्निशियन आदि सभी ने कार्य किया है। उन्होंने कहा जांच की प्रक्रिया में अपना योगदान देने पर सभी की प्रशंसा करता हूं समर्पण के साथ लोगों ने काम किया उन सभी के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

## जबेरा विधानसभा में सबसे पहले डिजिटाइलेशन कार्य पूर्ण

**जबेरा।** दमोह जिले की विधानसभा जबेरा क्षेत्र क्रमांक 56 में निर्वाचन अधिकारी सौरभ गंधर्व ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र 56 जबेरा का गहन पुनरीक्षण का कार्य हमने 1 दिसंबर 2025 को 100% पूर्ण कर लिया है इसके लिए मैं सभी बीएलओ, सुपरवाइजर, बी एल ओसहायक एवं उन सभी कर्मचारियों , अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं जिन्होंने इस कार्य को पूरा किया जिन मतदाताओं के गणना पत्रक 2003 और 2025 मतदाता सूची से डाटा मिलान कर ऑनलाइन मैप कर दिया गया है उन सभी मतदाताओं को शीघ्र ही पावती मिलना प्रारंभ कर दिया जावेगा एवं जिन मतदाताओं के डाटा का मिलान नहीं हो रहा है उन सभी मतदाताओं को नोटिस प्राप्त होगा। नोटिस का जवाब देने पर एवं पहचान संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने पर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जावेगा जो मतदाता 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रही है उन्हें फॉर्म नंबर 06 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करना चाहिए। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी ने जनपद पंचायत कार्यालय तेंदूखेड़ा में उपस्थित समस्त अधिकारियों के सामने दी।

### पुलिस अधीक्षक ने बढ़ाया हौसला....

# तिदोनी प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की मुस्कान बनी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के विकासखंड दमोह के अंतर्गत आने वाले ग्राम तिदोनी प्राथमिक विद्यालय मे मंगलवार का दिन बच्चों के लिए बेहद उत्साह और खुशियों भरा रहा। ग्रामीण विकास समिति द्वारा आयोजित शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम में 100 बच्चों को स्कूल बैग, कॉपियां, पेन-पेंसिल एवं अन्य अध्ययन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित पुलिस अधीक्षक (IPS) श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बच्चों से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने छात्रों से पूछा, "पढ़ाई क्यों ज़रूरी है?" — इस पर बच्चों ने उत्साहित होकर जवाब दिया — "डॉक्टर बनते हैं, इंजीनियर बनते हैं, पुलिस बनते हैं, बड़े अधिकारी बनते हैं।" उनके उत्तर पर मुस्कुराते हुए एसपी सोमवंशी ने कहा — आप सभी नियमित स्कूल आएं, मन लगाकर



पढ़ाई करें। जल्द ही मैं अपने परिवार के साथ आपसे फिर मिलने आऊंगा, खेलेंगे, बातें करेंगे और साथ में टिफिन भी शेयर करेंगे। बच्चों के लिए बिस्किट एवं टॉफियां भी वितरित की गईं, जिससे कार्यक्रम उल्लास और आनंद के माहौल में बदल गया। कार्यक्रम में देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा, ग्राम पंचायत कुंवरपुर खेजरा के सरपंच प्रतिनिधि — सोमेश गुप्ता, विद्यालय स्टाफ, ग्रामीण विकास समिति से राजकिशोर सेन, गोविंद यादव, विनीत द्विवेदी, दीपिका ठाकुर एवं रोशनी गौड़, की उपस्थिति रही विद्यालय परिवार एवं ग्रामीण विकास समिति ने पुलिस विभाग का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। बच्चों की गूंजती तालियों और खिलखिलाती मुस्कान के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# अग्रवाल महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पहुंचे दमोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संपूर्ण मध्य प्रदेश में अपने अग्रवाल समाज को एकत्रित करने उनकी समस्याओं का निवारण करने के लिए अग्रवाल समाज की एक विशेष संस्था अग्रवाल महासभा कार्य करती है। इसके लगातार विस्तार कार्य पूरे मध्यप्रदेश में बड़ी तेजी से चल रहे हैं। इसी क्रम में अग्रवाल महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आदरणीय कमल अग्रवाल जी का दमोह आगमन हुआ जहां अग्रवाल स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया जिसके बाद डॉक्टर अग्रवाल की मूर्ति पर भी माल्याअर्पण किया गया। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष कमल अग्रवाल के द्वारा अपने विचार रखे गए जिस पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में अग्रवाल समाज अपने-अपने स्तर पर कार्य करती है। इस कार्य को प्रदेश लेवल तक पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा का गठन किया गया है जिसके द्वारा अग्रवाल समाज के बंधुओ को किसी भी जिले में होने वाली समस्याओं या अन्य किसी भी परेशानी के लिए निवारण का प्रयास अग्रवाल महासभा के द्वारा किया जाता है। इसके विस्तार के लिए पूरे प्रदेश में पदाधिकारीयो के द्वारा लगातार संपर्क बनाए जा रहा है। दमोह अग्रवाल महासभा भी बहुत अच्छा कार्य कर रही है जिसके लिए हम उन्हें बधाई प्रेषित करते हैं। कार्यक्रम के अवसर पर महिला महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष रमा अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, उपाध्यक्ष अतुल अग्रवाल, महामंत्री डॉ अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल, युवा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, उपाध्यक्ष शिवम अग्रवाल, महामंत्री योगेश अग्रवाल, मंत्री सजल अग्रवाल, महिला महासभा से अनुलेखा अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल संगीता अग्रवाल मंजू अग्रवाल सुनीता अग्रवाल की उपस्थिति रही।

## ज्ञान के सारथी का हुआ विदाई सम्मान



**दमोह।** जिले के विकासखंड जबेरा अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला मझगुवा कीरत के प्रभारी प्रधान अध्यापक अरुण कुमार मौर्य का सेवा निवृति विदाई समारोह बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। शिक्षक रामा रावत ने श्री मौर्य के साथ बिताए अनमोल पलो को याद करते हुए उनके सहज और सरल जीवन के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपने सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं दिया बल्कि जीवन के मूल्य को भी सिखाया है।इस अवसर पर सेवा निवृत शिक्षक श्री भाव सिंह लोधी जी ,लाल सिंह यादव (सरपंच प्रतिनिधि नोहटा)कोमल चंद गांगरा ,ताहिर खान, राजकुमार उपाध्याय, हाकम सिंह, रमेश असाटी, एल एल अवस्थी जबेरा, प्रभारी प्राचार्य नोहटा एवं गणमान्य लोगों की गरिमामय उपस्थिति रही।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील हटा जिला दमोह म.प्र.**

रा.प्र. क्रमांक/31-20(3)/2025-26 **सार्वजनिक विज्ञप्ति** हटा दिनांक-03.12.2025

एतद् द्वारा ग्राम हटाखास की आम जनता को सूचित किया जाता है, कि प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी महोदय हटा से कलेक्टर महोदय दमोह की आदेश पत्रिका दिनांक 18.11.2025 के पालन में जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। प्रकरण में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद हटा ने पत्र क्रमांक/न.पा./ 2025 / 1307 हटा दिनांक 12.11.2025 में लेख किया गया है, कि मौजा हटाखास पट.ह.नं.-32 तहसील हटा स्थित भूमि खसरा नंबर 155/1/1/1 में से 0.526 हे. नगरीय निकायों में गीता भवन की स्थापना हेतु चाही गई है। जिसके लिए भूमि आवंटन हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र क्रमांक 0811280304032 - APP 26584821 कलेक्टर महोदय दमोह के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो समस्त कार्यवाहियां पूर्ण उपरांत जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है ।

अत : उक्त आवेदित भूमि नगर पालिका परिषद हटा को गीता भवन की स्थापना हेतु आवंटित किए जाने के संबंध में किसी संस्था अथवा किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 19. 12.2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, बाद म्याद पेशी गुजर जाने पर किसी आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**आज दिनांक 03.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।**

सील

तहसीलदार
तहसील-हटा, दमोह (म.प्र.)